

# बारिश में खुले तार और ट्रांसफार्मर बने खतरा

▸ अनदेखी : बॉक्स खुले हैं और सुरक्षा जालियां भी नहीं लगीं

प्रांजुल पाण्डेय

**भोपाल, 11 जुलाई. लगातार हो रही बारिश के बीच शहर में जलभराव के साथ बिजली व्यवस्था की खामियां भी सामने आ रही हैं. पड़ताल में कई इलाकों में खुले बिजली के तार, जमीन के करीब झूलती लाइनें और सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर लगाए गए ट्रांसफार्मर पाए गए, जिससे लोगों में चिंता बढ़ गई है.**

टीटी नगर में कई ट्रांसफार्मर निर्धारित ऊंचाई से नीचे लगे हैं. माता मंदिर चौराहे के पास सड़क ऊंची होने से खुले तार राहगीरों की पहुंच में आ गए हैं. अरेरा कॉलोनी और तुलसी नगर में भी इसी तरह की स्थिति देखी गई. बारिश के दौरान सड़कों पर पानी भरने से करंट फैलने का खतरा बढ़ जाता है.

पड़ताल में यह भी सामने आया कि कई ट्रांसफार्मरों के बॉक्स खुले हैं और उन पर सुरक्षा जालियां नहीं लगी हैं. नियमों के अनुसार आबादी वाले क्षेत्रों में ट्रांसफार्मरों को जाली से घेरना और उनके गेट बंद रखना अनिवार्य है. इसके बावजूद पानी की टंकी के पास की बस्ती, सेन मोहल्ला, शीतलागंज, राजा का बाग, खेरापति हनुमान मंदिर, पशु अस्पताल के पास, भांडेर रोड और भड़ौल दरवाजा क्षेत्र में खुले ट्रांसफार्मर लोगों और मवेशियों के लिए खतरा बने हुए हैं.

**करंट की चपेट में आ चुके हैं पशु**

स्थानीय नागरिकों ने बिजली के खुले तारों को तुरंत दुरुस्त करने, ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित करने और जलनिकासी व्यवस्था सुधारने की मांग की है. बिजली अधिकारियों का कहना है कि ऐसे स्थानों की नियमित पहचान कर वहां जाली और बैरिकेड लगाए जाते हैं. उनके अनुसार, अब तक शहर में इस कारण कोई जनहानि नहीं हुई है, हालांकि पशुओं के करंट की चपेट में आने की घटनाएं सामने आती रही हैं.

## बैरागढ़ सिविल अस्पताल में जल्द शुरू होगी सोनोग्राफी जांच

**भोपाल.** सिविल अस्पताल बैरागढ़ में मरीजों को जल्द ही बेहतर और आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी. अस्पताल में शनिवार को स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुधार को लेकर क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में विधायक रामेश्वर शर्मा ने विधायक निधि से अस्पताल में मरीजों के बैठने के लिए थ्री सीटर कुर्सियां उपलब्ध कराने की मंजूरी दी. इसके साथ ही अस्पताल में सोनोग्राफी सेवा जल्द से जल्द शुरू करने के लिए शासन स्तर पर पत्र लिखने के निर्देश भी दिए. बैठक में अस्पताल में मरीजों के लिए साफ पानी सुनिश्चित करने के लिए आरओ वाटर सिस्टम लगाये जाने के निर्देश दिए.

# नाले पर अतिक्रमण कर बनाए मकानों को तोड़ा

**100** मीटर तक नाले पर कर लिया था निर्माण

**08** मकानों को हटाया खजूरी कला में प्रशासन ने



सिटी रिपोर्टर

**भोपाल, 11 जुलाई. लगातार बारिश के बीच जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए एमपी नगर तहसील प्रशासन ने ग्राम खजूरी कला में शासकीय नाले पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की.**

राजस्व अमले ने करीब 100 मीटर लंबे हिस्से में नाले के ऊपर बनाए गए 8- 9 मकानों को हटाया. प्रशासन के अनुसार नाले पर निर्माण होने से बरसात के दौरान पानी का प्रवाह बाधित हो रहा था, जिससे आसपास के क्षेत्र में जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति बनने की आशंका थी.यह कार्रवाई एसडीएम एलके खरे के निर्देशन में तहसीलदार दीपक द्विवेदी की मौजूदगी में की गई. कार्रवाई के दौरान राजस्व और अन्य संबंधित विभागों का अमला भी मौजूद रहा. प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शासकीय नालों, जल निकासी मार्गों और अन्य सार्वजनिक भूमि पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा. अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि जल निकासी मार्गों पर किसी भी प्रकार का निर्माण या अतिक्रमण न करें, ताकि बारिश के दौरान शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से बचा जा सके.

# सरगना को बिहार से भोपाल लाएगी पुलिस

## एटीएम से छेड़छाड़ कर रुपए निकालने का मामला

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 11 जुलाई. शहर में एटीएम में छेड़छाड़ कर रुपए निकालने वाले एक गिरोह के सरगना अभिषेक कुमार सिंह को भोपाल पुलिस बिहार से लाने की तैयारी कर रही है. आरोपी अभिषेक की गिरफ्तारी बिहार के मुजफ्फरपुर में हुई है. उसको ट्रांजिट रिमांड पर भोपाल लाने की तैयारी में पुलिस जुटी है. आरोपी के खिलाफ शाहपुरा थाने में मामला दर्ज है.**

सूत्रों के मुताबिक आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में भोपाल में एक गिरोह बनाकर एटीएम से रुपए निकालने की बात स्वीकार की है. आरोप है कि उसने अपना अभियान शुरू करने से पहले बिहार में ही इसकी तकनीकी ट्रेनिंग ली थी.

ट्रेनिंग में उसे एटीएम में मौजूद खामियों की जानकारी भी मिली. इस गिरोह का एक आरोपी विपुल उर्फ सोनू निवासी गया ने भोपाल में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई की. विपुल ने शहर के अलग-अलग स्थानों पर लगे एटीएम को चिन्हित किया.पूरा डेटा तैयार कर उसने बिहार के रहने वाले बेरोजगार युवाओं को अपने गिरोह में शामिल किया. इसके बाद एटीएम मशीनों में छेडछाड़ कर रुपए निकाले. ाहपुरा पुलिस मामले में तकनीकी जांच कर रही है.

**एटीएम में छेड़छाड़ कर बदमाशों ने निकाले रुपए**

अशोक गार्डन इलाके में एक बैंक के एटीएम से छेड़छाड़ कर अज्ञात बदमाशों ने नकद रुपए निकाल लिए. बैंक के अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक पंजाबी बाग इलाके में एक बैंक के एटीएम छेड़छाड़ कर अज्ञात बदमाशों ने करीब 36 हजार रुपए निकाले. 25 जून की हुई वारदात के दौरान बदमाशों तकनीकी का सहारा लिया.

# गंदगी और पॉलीथिन के उपयोग पर लगाया जुर्माना

▸ नगर निगम ने 79 मामलों में वसूले 12 हजार रुपए



**भोपाल, 11 जुलाई. नगर निगम ने शहर में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए गंदगी फैलाने, प्रतिबंधित पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने, सीएंडडी वेस्ट सड़कों पर फेंकने तथा सार्वजनिक संपत्ति को विरूपित करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया.**

कार्रवाई के दौरान 79 प्रकरणों में कुल 12 हजार 100 रुपये का स्पॉट फाइन और जुर्माना वसूला गया. नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम अमले ने सार्वजनिक स्थलों, बिजली के खंभों और दीवारों पर अवैध रूप से पोस्टर-बैनर लगाने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई की. जोन-13 में 23 मामलों में 3,300 रुपये, जोन-14 में 28 मामलों में 4,500 रुपये, जोन-15 में 16 मामलों में 2,200 रुपये तथा जोन-16 में 12 मामलों में 2,100 रुपये का जुर्माना वसूला गया.

# शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

▸ आरोपी ने पति से करा दिया था तलाक पुलिस जांच में जुटी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 11 जुलाई. बागसेवनिया थाना क्षेत्र में एक महिला का उसके पति से तलाक कराते हुए आरोपी युवक ने शारीरिक शोषण किया. पीड़िता को शादी का झांसा देकर आरोपी कई सालों से उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है.**

जानकारी के मुताबिक 29 साल की महिला ने आरोपी राहुल गौंडारे के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कराया है. राहुल ने उसके साथ शादी करने का झांसा दिया और पति से तलाक भी कराया. आरोपी राहुल अब शादी करने से इंकार कर रहा है. राहुल ने उसे डरा-धमकाकर बदनाम करने की भी कोशिश की. पीड़िता की शादी साल 2018 में शादी हुई थी. साल 2019 में उसकी पहचान का युवक राहुल गौंडारे ने उसके साथ दुष्कर्म किया. वह उसका शारीरिक शोषण पिछले 7 साल से कर रहा था. आरोपी के ही दबाव में आकर महिला ने साल 2022 में पति से तलाक भी ले लिया. इतने साल बीत जाने के बाद महिला ने जब शादी करने का दबाव बनाया तो उसने महिला से संपर्क तोड़ लिया.

**शादीशुदा महिला से दोस्ती कर किया दुष्कर्म**

कमला नगर इलाके में एक महिला से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है. 28 वर्षीय महिला पति से दूर रहते हुए कमलानगर इलाके में रहती है. महिला की पहचान इस दौरान राहुल नाम के युवक से हुई. दोस्ती के बाद धीरे-धीरे दोनों के बीच मामला प्रेम प्रसंग तक पहुंचा. आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर बीते अक्टूबर में एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया. आरोपी लगातार महिला के साथ दुष्कर्म कर रहा था.

# प्रेमिका के घर में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 11 जुलाई. गांधी नगर इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. युवक ने जिस घर में जान दी. वह उसकी कथित प्रेमिका का घर बताया जा रहा है. मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया. मर्ग कायम कर पुलिस जांच कर रही है.**

जानकारी के मुताबिक 22 वर्षीय युवक मुकेश मालवीय पामाखेड़ी, सिरोंज का रहने वाला था. भोपाल के राहुल नगर में मुकेश अपने चाचा के यहां रह रहता था. एक युवती से उसकी दोस्ती थी.

दोनों के बीच बातचीत होने की जानकारी सामने आने के बाद परिजनों ने उन पर पाबंदियां लगाई थी. इसके चलते मुकेश तनाव में रहने लगा था. मौका पाकर वह युवती के घर में घुसा और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. गांधीनगर थाना पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है.

# गुमशुदगी के हर मामले में एफआईआर अनिवार्य

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 11 जुलाई . मध्यप्रदेश पुलिस ने गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश के सभी पुलिस अधिकारियों को प्रत्येक गुमशुदगी के मामले में अनिवार्य रूप से प्रथम सूचना रिपोर्ट ( एफआईआर ) दर्ज करने के निर्देश जारी किए हैं. यह व्यवस्था महिला और पुरुष, दोनों प्रकार के गुमशुदा व्यक्तियों पर समान रूप से लागू होगी.**

पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों, उप पुलिस महानिरीक्षकों तथा पुलिस अधीक्षकों को तत्काल प्रभाव से निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा है.

यह निर्णय जी. गणेश बनाम तमिलनाडु राज्य एवं अन्य मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए हालिया आदेश के अनुपालन में लिया गया है. इससे पहले वर्ष 2012 में बचपन बचाओ आंदोलन प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय ने केवल गुमशुदा बच्चों के मामलों में अनिवार्य एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था. अब यह व्यवस्था सभी गुमशुदा व्यक्तियों के मामलों पर लागू होगी.

**गुमशुदा व्यक्ति का शीघ्र पता लगाया जाए**

पुलिस मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक मामले में तत्काल जांच शुरू की जाए तथा उपलब्ध सभी कानूनी और तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए गुमशुदा व्यक्ति का शीघ्र पता लगाया जाए. इस पहल का उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करना तथा उनके अधिकारों की प्रभावी रक्षा सुनिश्चित करना है.

# एसडीएम शर्मा ने आदिवासी छात्रावास का किया निरीक्षण

**भोपाल, 11 जुलाई. कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर एसडीएम टीटी नगर अर्चना शर्मा रावत ने भदभदा चौराहा स्थित राजा शंकरशाह-रघुनाथशाह अनुसूचित जनजाति छात्रावास का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण का उद्देश्य छात्रावास में विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही आवासीय एवं शैक्षणिक सुविधाओं का आकलन करना था.**

एसडीएम ने छात्रावास के कमरों, रसोईघर, भोजनशाला तथा स्वच्छता व्यवस्थाओं का जायजा लिया और भोजन की गुणवत्ता एवं साफ-सफाई के मानकों को बनाए रखने के निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुविधाओं के मामले में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी. उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली तथा उन्हें लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया. एसडीएम ने छात्रावास अधीक्षक को व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए.

# खाद्य सामग्री बेचने वाली फर्म का पंजीयन निलंबित

**भोपाल, 11 जुलाई.साप्ताहिक बाजारों में एक्सपायरी डेट मिटाकर खाद्य सामग्री बेचने के मामले में खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है. करोंद-भानपुर क्षेत्र स्थित मैसर्स राइजर इन्फ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड का एफएसएसएआई पंजीयन निलंबित कर दिया है. यह कार्रवाई कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक के नेतृत्व में गठित टीम ने की.**



जांच के दौरान टीम ने सुपर फ्रेश कॉर्न फ्लोर और स्लर्प फार्म मिलेट पैनकेक के नमूने जब्त किए. कॉर्न फ्लोर के पैकेटों पर निर्माण एवं एक्सपायरी तिथि मिटाई गई थी तथा निर्माता, बैच नंबर और लाइसेंस संबंधी विवरण भी अंकित नहीं थे. 70 रुपये एमआरपी वाले पैकेट को भारी छूट दिखाकर 35 रुपये में बेचा जा रहा था. मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जब्त नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है.रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत कर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी. विभाग ने चेतावनी दी है कि इस प्रकार के संयुक्त अभियान आगे भी जारी रहेंगे.

## कीटनाशक पीने से महिला की मौत

**भोपाल.** तलैया इलाके में एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई. महिला ने कीटनाशक पदार्थ पीकर जान देने की कोशिश करीब 15 दिन पहले की थी. जानकारी के मुताबिक पूजा गढ़गे (30) रेत घाट में अपने पति के साथ रहती थी. साल 2013 में पूजा ने लव मैरिज की थी. पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि पूजा का पति पिछले कुछ सालों से एक दूसरी महिला के साथ भी प्रेम प्रसंग में है. पूजा का पति कई महीनों से उससे अलग भी रहता था. इसके चलते वह मानसिक रूप से परेशान थी. 26 जून को पूजा ने घर में रखा कीटनाशक पदार्थ पी लिया.

# डेढ़ साल के बच्चे को बोरे में भर कर ले जा रहा था

▸ लोगों ने पिटाई कर आरोपी को पुलिस के हवाले किया

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 11 जुलाई. बागसेवनिया इलाके में एक डेढ़ साल के मासूम के अपहरण का प्रयास करने का मामला सामने आया है. आरोपी युवक को लोगों ने पकड़ा और उसकी पिटाई कर दी. लोगों ने इसके बाद आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया. आरोपी ने मासूम की मां से पुरानी रंजिश को लेकर अपहरण करने की बात स्वीकार की है.**

जानकारी के मुताबिक आरोपी अरूण ने मासूम बच्चे का अपहरण करने की प्रयास किया.

सुबह बाग मुगलिया इलाके में मासूम को उसकी घर के बाहर अकेले खेलते देखा. आरोपी ने एक बोरे में मासूम को भर लिया और ले जाने लगा. बच्चे के रोने की आवाज सुनकर बाहर आए लोगों ने उसे पकड़ा. लोगों ने आरोपी की इस दौरान जमकर पिटाई कर दी और पुलिस के हवाले कर दिया. आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में स्वीकार किया कि मासूम की मां से उसकी पुरानी रंजिश है. इसके चलते उसने बच्चे को अगवा करने का प्रयास किया और पकड़ा गया. बागसेवनियां थाना पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

परेशानी ▸ कैंसर मरीजों को मजबूरन लेनी पड़ रही महंगी कार्बोप्लाटिन

# कीमोथेरेपी में उपयोग होने वाली सिस्प्लाटिन की किल्लत

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 11 जुलाई.राजधानी में कैंसर मरीजों के लिए इस्तेमाल होने वाली और सबसे सस्ती और उपयोगी कीमोथेरेपी दवा सिस्प्लाटिन की पिछले 4 महीनों से बाजार में भारी किल्लत बनी हुई है.**



आलम यह है कि कई बड़े और सरकारी अस्पतालों के दवा काउंटरों से यह दवा पूरी तरह गायब हो चुकी है. इस किल्लत के कारण डॉक्टरों को मजबूरी में मरीजों के लिए महंगी वैकल्पिक दवा कार्बोप्लाटिन लिखनी पड़ रही है. जिससे मरीजों पर इलाज का खर्च भी बढ़ रहा है. कैंसर विशेषज्ञ डॉ. योगेश्वर शुक्ला के अनुसार सिस्प्लाटिन दवा कैंसर के मरीजों के लिये कीमो में सबसे उपयुक्त दवा है. जिसका उपयोग मुख्य रूप से ओवरी (अंडाशय), फेफड़े, कोलोन, पेट और ओरल कैंसर के इलाज में किया जाता है. लेकिन वर्तमान में सिस्प्लाटिन की भारी कमी के कारण डॉक्टर मरीजों को कार्बोप्लाटिन दे रहे हैं. आमतौर पर कार्बोप्लाटिन का उपयोग ब्रेस्ट कैंसर और ओवेरियन कैंसर की कीमोथेरेपी में होता है. हालांकि सिस्प्लाटिन और कार्बोप्लाटिन दोनों ही प्लैटिनम आधारित कीमोथेरेपी हैं. जो ट्यूमर कोशिकाओं के डीएनए को नुकसान पहुंचाकर उन्हें नष्ट करती हैं. लेकिन सिस्प्लाटिन के क्लोरीन अणु आसानी से अलग हो जाते हैं, जिससे यह शरीर में बहुत तेजी से काम करती है. जबकि कार्बोप्लाटिन का जटिल कार्बोक्सिलेट समूह अधिक स्थिर होता है, इसलिए यह धीरे-धीरे काम करता है.

**क्या हैं दवा की कमी का कारण**

विशेषज्ञों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे युद्ध और तनाव के कारण सिस्प्लाटिन के कच्चे माल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है. जिसके कारण साल 2025 में मिलने वाला कच्चा माल करीब 3 हजार 900 प्रति ग्राम से बढ़कर फरवरी 2026 तक करीब 8 हजार प्रति ग्राम पहुंच चुका है. वहीं सिस्प्लाटिन दवा सरकार के राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की मूल्य-सीमा के दायरे में आती है. इसके कारण कंपनियां इसका दाम खुद से नहीं बढ़ा सकतीं. लागत दोगुनी होने और सरकार द्वारा रेट न बढ़ाए जाने के कारण कई बड़ी कंपनियों ने इसका उत्पादन ही कम कर दिया है.

# सांसी गैंग का वारंटी गिरफ्तार

## आरोपी के खिलाफ दर्ज हैं 15 मामले

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 11 जुलाई. जीआरपी भोपाल ने हरियाणा के सांसी गैंग के एक इनामी वारंटी को गिरफ्तार किया है. आरोपी के खिलाफ पूर्व के 15 मामले दर्ज हैं. आरोपी संगठित अपराधी गैंग के साथ ट्रेनों में यात्रियों के बैग व ट्रॉली बैग में ब्लेड मारकर कीमती सामान चोरी करता था.**

जीआरपी के मुताबिक वारंटी सत्यभान पिता महेंद्र सांसी निवासी ग्राम पोगडे जिला भिवानी पर कार्रवाई की गई है. आरोपी के 11 साल पुराने अपराधों में 15 वारंट (जिसके 13 स्थायी वारंट व 2 गिरफ्तारी वारंट) हैं. उसकी गिरफ्तारी को लेकर लगातार दबिश दी गई. वारंटी के मोबाइल नंबर के आधार पर उसकी लोकेशन ली गई. उसका मोबाइल गुवाहाटी असम में आखिरी बार बंद होना पाया गया. संबंधित जीआरीप थाने से संपर्क कर उसकी डिटेल्स दी गई और उसे गिरफ्तार किया गया. उस पर न्यायालय भोपाल से 13 प्रोडक्शन वारंट जारी कराकर प्रोडक्शन सेंट्रल जेल गुवाहाटी में जमा कराया गया. वारंटी के जीआरपी इटारसी के दो अपराधों में स्थायी वारंट होना पाया गया. वारंटी पर विभिन्न अपराधों में कुल 54,000/- रुपए का इनाम घोषित था.

# बच्ची को ऑटो में छोड़ने वाले दो संदिग्ध कैमरे में कैद

ऑटो में मिली एक माह की बच्ची के परिजन की तलाश जीआरपीकर रही है.



शुक्रवार को बच्ची को रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म-6 की तरफ स्टैंड पर खड़े ऑटो में छोड़ने वाले लोगों की पहचान की जा रही है. एक महिला और पुरुष बच्ची को गोद में लेकर घूमते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं. वीडियो फुटेज में दिख रहे महिला और पुरुष की पहचान करने में जीआरपी जुटी है. एक सीसीटीवी फुटेज में एक महिला बच्ची को गोद में लेकर अलग-अलग स्थानों पर घूमती दिखी. बच्ची को गोद में लेकर घूमने वाला एक पुरुष भी कैमरे में कैद हुआ है. जीआरपी दोनों ही संदिग्धों के बारे में पहचान कर रही है. शुक्रवार को स्टैंड पर खड़े एक ऑटो में कोई बच्ची को छोड़कर चला गया था. बच्ची के रोने की आवाज सुनकर ऑटो चालक वहां पहुंचे और बच्ची के परिजनों को तलाशा. इसके बाद जीआरपी को इसकी सूचना दी गई.